फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशी लाल गुर्जर पिता श्री लादु लाल गुर्जर हाल नि0 एम्स हॉस्पीटल गेट नं. 3 के सामने, बोम्बे चौपाटी, आईस्क्रीम भोपाल (मध्यप्रदेश)

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 73/2023**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.01.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये पत्र क्रमांक : लो0सू0 अ0प्रा0/2023/640 दिनांक 21.12.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित बिन्दु संख्या 01 में प्रार्थी के स्वयं की ड्राईविंग लाईसेंस की प्रति एवं लाईसेंस में दिए गए डॉक्यूमेन्ट आरटीओ भीम द्वारा जारी किये गये। लाईसेंस की प्रमाणित प्रति जिला परिवहन अधिकारी राजसमन्द/परिवहन निरीक्षक भीम से ली जावें तथा बिन्दु संख्या 02 की सूचना अपीलार्थी को जरिये क्रमांकः– लो0सू0अ0प्रा0/2023/640 दिनांक 21.12.2023 से प्रेषित की जा चुकि हैं। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार बिन्दु संख्या 01 की सूचना का संबंध जिला परिवहन अधिकारी राजसमन्द/परिवहन निरीक्षक भीम से होने से अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु संख्या 01 की वांछित सूचना जिला परिवहन अधिकारी राजसमन्द/परिवहन निरीक्षक भीम से प्राप्त करें। तथा बिन्दु संख्या 02 की वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bulla लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)